डिजिटल ई-पेपर

# मेवाड़ जगत

उदयपुर, गुरुवार, 18 जून 2026 वर्ष - 4 अंक : 30 पेज : 6

अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated
डबल क्वालिटी सर्टिफाइड
NABL & NABH
प्रमाणित
4-सी, एपेक्स चेम्बर, भारतीय लोक कला मंडल के पीछे, मधुबन, उदयपुर
Call: 70733 08880 / 70738 18880
अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated

## हाईवे पर आरटीओं इंस्पेक्टर पर वसूली से नाराज ड्राइवरों का किया हंगामा








**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** आरटीओ इंस्पेक्टर पर मनमानी वसूली का आरोप लगाते हुए वाहन चालकों ने हंगामा किया। ड्राइवरों ने नेशनल हाईवे.48 पर टोल नाका से काया के बीच जाम लगा दिया। आरटीओ इंस्पेक्टर के खिलाफ नारेबाजी की है। घटना के बाद पुलिस ने इन सभी को वहां हटाकर जाम खुलवाया। बाद में आरटीओ इंस्पेक्टर ने चालकों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। जानकारी के अनुसार ड्राइवरों ने नेशनल हाईवे 48 पर आरटीओ इंस्पेक्टर चंचल माथुर पर अवैध रूप से वसूली करने का आरोप लगाकर ड्राइवरों ने नेशनल हाईवे 48 पर काया के पास जाम लगा दिया और हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामे के दौरान आरटीओ इंस्पेक्टर चंचल माथुर हाईवे किनारे सरकारी गाड़ी के अंदर बैठे रहे। करीब 40 मिनट तक हंगामा चला, जिसके बाद आरटीओ ने गोवर्धन विलास पुलिस को सूचना दी गई। गोवर्धन विलास और सवीना पुलिस का जाब्ता मौके पर पहुंचा और ड्राइवरों को खदेड़कर वहां से हटाया गया। साथ ही आरटीओ ने हंगामा करने वाले ड्राइवरों के खिलाफ गोवर्धन विलास थाने में शिकायत दर्ज करवा दी। ड्राइवरों ने आरोप लगाया कि आरटीओ इंस्पेक्टर हाईवे से गुजरने वाली हर एक गाड़ी को रुकवाकर 50 से 100 रुपए लिए जा रहे हैं। इसके कारण हाईवे पर लंबा जाम लग जाता है और ड्राइवर परेशान होते हैं। ड्राइवरों से वसूली के आरोपों को उदयपुर आरटीओ ज्ञानदेव विश्वकर्मा ने झूठा बताया है। आरटीओ ने कहा ये चालान नहीं कटवाने के चक्कर में हंगामा कर रहे हैं। पैसे मांगने जैसी कोई बात नहीं है और अगर ऐसा कुछ है तो उसकी जांच की जाएगी। हमने हंगामा करने वाले ड्राइवरों के खिलाफ थाने में राजकार्य में बाधा की शिकायत दर्ज करा दी है। आरटीओ के निर्देश पर थाने में शिकायत देने वाले इंस्पेक्टर मुकेश कुमार ने बताया सूचना पर मैं पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचा और ड्राइवरों को वहां से हटवाकर जाम खुलवाया। हमने पुलिस को हंगामे के कुछ वीडियो और फोटो भी दिए हैं, जिनमें हंगामा करने वाले ड्राइवरों की पहचान करके उनके खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

## बीच में अटकी जिप लाइन, हवा में ढाई मिनट तक फंसे रहे पर्यटक

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** शहर में पिछोला झील किनारे जिप लाइन के बीच में अटकने से दो पर्यटक फंस गए। बाद में पर्यटकों के शोर मचाने पर उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू किया। करीब ढ़ाई मिनट तक पर्यटक फंसे रहे। पिछोला झील के पास रोप.वे के सामने दूधतलाई स्थित जिप लाइन है। दीनदयाल पार्क से माणिक्यलाल वर्मा पार्क के बीच करीब जिप लाइन राइड करवाई जाती है। गुजरात से चार दोस्तों सुनील, अल्पेश, ऋत्विक और सुमित का एक ग्रुप भी उदयपुर घूमने आया था। वे चारों बुधवार शाम को जिप लाइन राइड करने आए थे। दीनदयाल पार्क से दो.दो के



समूह में दोस्त जिप लाइन पर सवार हुए थे। दो दोस्तों का एक ग्रुप जिप लाइन के दूसरे छोर माणिक्यलाल वर्मा पार्क पहुंचने था। इससे करीब 20 मीटर पहले ही अचानक तेज हवा चलने लगी। जिप लाइन के बीच में अटके दोस्त घबरा गए और जान बचाने के लिए चिल्लाने लगे। इस बीच रेस्क्यू टीम के सदस्य उनके पास पहुंचे और ढाई मिनट में दोनों को रेस्क्यू कर दीनदयाल पार्क वाले प्वाइंट पर वापस लेकर आए। गुजरात से आए दो पर्यटक बीच में ही फंस गए। जिप लाइन के बीच झूल रहे टूरिस्ट जान बचाने को चिल्लाते रहे। तब रेस्क्यू टीम पहुंची और ढाई मिनट में दोनों का रेस्क्यू कर वापस लेकर आई। पर्यटको के जिप लाईन में फंसने का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें जिप लाइन के बीचों-बीच टूरिस्ट लटके नजर आ रहे है।

## उदयपुर में मौसम हुआ सुहाना, दो दिन बारिश और तेज हवाओं के आसार

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** बुधवार शाम हुई बारिश और गुरुवार सुबह जिले के कुछ क्षेत्रों में हुई हल्की वर्षा के बाद उदयपुर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में मौसम सुहाना हो गया। बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली और दिनभर वातावरण में ठंडक बनी रही। हालांकि दोपहर के समय धूप निकलने से हल्की उमस महसूस हुई, लेकिन बादलों की आवाजाही और ठंडी हवाओं के कारण मौसम फिर से खुशनुमा बना रहा। मौसम विशेषज्ञ डॉ. आर.एस. देवड़ा ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून की अरब सागर शाखा दक्षिण भारत और महाराष्ट्र तक पहुंचने के बाद आगे बढ़ने में धीमी हो गई है, जिससे राजस्थान में मानसून के प्रवेश में कुछ देरी हो सकती है। वहीं बंगाल की खाड़ी की शाखा के प्रभाव से दक्षिण. पूर्वी राजस्थान में प्री.मानसून गतिविधियां सक्रिय हैं, जिसके चलते क्षेत्र में खंड वर्षा की संभावना बनी हुई है। पश्चिमी विक्षोभ और प्री.मानसून सिस्टम के संयुक्त प्रभाव से उदयपुर सहित दक्षिणी राजस्थान में आगामी दो दिनों तक कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। तापमान में फिलहाल कोई विशेष बदलाव नहीं होगा, लेकिन वातावरण में नमी के कारण उमस बनी रह सकती है।

## दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, शुरू हुआ स्वावलंबन केंद्र

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें सम्मानजनक रोजगार से जोड़ने की दिशा में शहर में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। श्री मानसनाथ विकलांग विकास संस्थान एवं सर्व दिव्यांग संस्थान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्थापित दिव्यांग स्वावलंबन केंद्र का शुभारंभ नगर निगम के पीछे रोड स्थित रैगर समाज के नोहरे में किया गया। केंद्र का उद्घाटन अर्थ ग्रुप के सीईओ एवं पैनेशिया डिसेबिलिटी राइट्स एक्टिविस्ट के अध्यक्ष डा. अरविंदर सिंह ने फिता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को केवल सहायता की नहीं, बल्कि अवसरों की आवश्यकता है। ऐसे प्रशिक्षण



केंद्र उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि केंद्र में दिव्यांगजनों को सिलाई, कंप्यूटर, मोमबत्ती निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, एलईडी बल्ब निर्माण तथा पत्तल.दोना निर्माण जैसे रोजगारपरक प्रशिक्षण दिए जाएंगे। साथ ही भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रशिक्षण भी शुरू किया जाएगा, जिससे दिव्यांग युवा आधुनिक तकनीक से जुड़कर रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकें। डॉ. सिंह ने दिव्यांग अधिकारों पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकार दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह केंद्र दिव्यांग युवाओं के लिए नए अवसरों का द्वार साबित होगा।



समारोह में एडवोकेट भरत कुमार कुमावत, संरक्षक कैलाश प्रजापत, संस्थापक जमनालाल सुथार, कमलेश वैष्णव, विजय कुर्डिया, दिव्य कुमार, बसंती वैष्णव सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं दिव्यांगजन उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने केंद्र के संचालन में सहयोग का भरोसा जताते हुए इसे समाजहित में सराहनीय पहल बताया।

## कारीगर के साथ मारपीट करने में पूर्व दुकान मालिक गिरफ्तार

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** बड़गांव पुलिस ने समय पर पैसा नहीं देने पर दुकान से काम छोड़कर दूसरी दुकान पर जाकर काम करने से नाराज दुकान मालिक ने कारीगर व उसकी पत्नी के साथ दुकान में घुसकर मारपीट करने वाले आरोपी को गिर तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कमल सेन पुत्र रामेश्वर सेन निवासी दादावाडी डीम लुक कोटा हाल पंचायती समिति बडगाँव के पास ने रिपोर्ट दी कि मैं पहले अशोक सेन निवासी मनोहरपुरा थाना बडगाँव के पास जिसकी बेदला पुलिया के पास रोयल हैयर ब्यूटी पर 4 माह तक काम किया था। पैसे समय पर नहीं देने से वहां से काम छोड कर 5 जून से लेक सिटी हैयर ब्यूटी पार्लर जो कि बेदला साईफन रोड पर हैं वहां पर काम करना शुरू किया। दुकान में कटींग का काम कर रहा था मेरी पत्नी मेरे साथ में ही थी मेरा दुकान मालिक व अन्य कोई कारीगर नही थे। शाम को 5.30 बजे अशोक सेन अपनी तैयारी के साथ मेरी दुकान में घुसकर मेरे साथ मारपीट की। मेरी पत्नी नें अंदु ने बीच बचाव किया तो उसके साथ मारपीट की। मैने शोर मचाया मगर डर के मारे कोई छुड़ने नही आया। मारपीट से मेरे बाएं हाथ की कलाई व पीठ में चोंट आई। आरोपियों ने मेरा मोबाईल छीन कर फोड दिया और दुकान में तोडफोड कर नुक्सान किया। रिपोर्ट पर बड़गांव थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर इस प्रकरण में जांच करते हुए अशोक कुमार पुत्र प्रभुलाल सैन निवासी अटाटिया ओगणा हाल बागर गली हाथीपोल हाल किरायेदार मनोहरपुरा बडगांव को गिरफ्तार किया है।

## प्रश्नोत्तरी

**Q1.** हाल ही में 17-18 जून 2026 को स्टॉकहोम (स्वीडन) में आयोजित 'वैश्विक हरित ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2026' में भारत की ओर से किस महत्वाकांक्षी लक्ष्य की प्रगति रिपोर्ट पेश की गई है?

[A] वर्ष 2030 तक 500 GW गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करना [B] वर्ष 2028 तक पूरी तरह से इलेक्ट्रिक रेलवे नेटवर्क बनाना

[C] वर्ष 2035 तक देश में पेट्रोल कारों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना [D] वर्ष 2040 तक नेट-ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य पाना

**Q2.** जून 2026 में राजस्थान उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी कॉलेजों के विद्यार्थियों में रोजगार परक कौशल विकसित करने के लिए किस बहुराष्ट्रीय टेक कंपनी के साथ 'राज-कौशल एआई पहल' हेतु समझौता किया है?

[A] गूगल इंडिया (Google India) [B] माइक्रोसॉफ्ट इंडिया (Microsoft India)

[C] आईबीएम (IBM) [D] इन्फोसिस (Infosys)

**Q3.** राजस्थान आर्थिक समीक्षा के अनुसार, राज्य में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 'राजीव गांधी जल संचय योजना' (RGJSY) के द्वितीय चरण के तहत मुख्य रूप से किस रणनीति पर कार्य किया जा रहा है?

[A] केवल नए बड़े बांधों का निर्माण करना [B] पारंपरिक जल स्रोतों (बावड़ी, टांका, कुआं) का पुनरूद्धार और वाटरशेड प्रबंधन

[C] शहरों से गांवों की ओर पाइपलाइन बिछाना [D] भू-जल के औद्योगिक उपयोग को पूरी तरह छूट देना

**Q4.** राजस्थान के भौतिक प्रदेशों और अपवाह तंत्र के संदर्भ में, राज्य के किस नदी बेसिन में 'अवनालिका अपरदन' (Gully Erosion) के कारण 'उत्खात भूमि' (Badland Topography) का निर्माण हुआ है?

[A] लूनी बेसिन [B] माही बेसिन

[C] चम्बल बेसिन (Chambal Basin) [D] बनास बेसिन

**Q5.** राजस्थान की प्रसिद्ध लोक कला 'फड़ चित्रकारी' (Phad Painting) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और असत्य (Incorrect) कथन की पहचान कीजिए:

[A] फड़ कला का मुख्य केंद्र शाहपुरा (भीलवाड़ा) है, और इसे अंतराष्ट्रीय पहचान दिलाने में श्रीलाल जोशी का बड़ा योगदानरहा है।

[B] 'पाबूजी की फड़' राजस्थान में सबसे लोकप्रिय फड़ है, जिसका वाचन 'रावणहत्था' वाद्ययंत्र के साथ किया जाता है।

[C] 'देवनारायण जी की फड़' सबसे लंबी और सबसे प्राचीन फड़ है, जिस पर भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक टिकट भी जारी किया जा चुका है।

[D] भैंसासुर की फड़ का वाचन मांगणियार जाति के भोपों द्वारा रात के समय बड़ी धूमधाम से किया जाता है।

प्रश्नों के उत्तर भेजे 9079051521 पर जो भी प्रतिभागी और पाठक नियमित प्रश्न के उत्तरों के जवाब देंगे उन्हें आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा
कल के अंक के उत्तर - 1 (B) 2 (C) 3 (B) 4 (A) 5 (C)

Dr. ANUSHKA GROUP OF INSTITUTES

## त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय भवन का भूमि पूजन 22 को



मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** अखिल भारतीय श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज के बहुप्रतीक्षित बहुमंजिला राष्ट्रीय भवन निर्माण का भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह 22 जून को उदयपुर में आयोजित होगा। करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह पांच मंजिला भवन समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। भवन में पार्किंग, आवासीय व्यवस्था, समाज के विद्यार्थियों के लिए कोचिंग सेंटर सहित विभिन्न आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। निर्माण कार्य को लगभग ढाई वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। आयोजित पत्रकार वार्ता में समाज के राष्ट्रीय संयोजक भूपेंद्र पंड्या ने बताया कि भूमि पूजन से पूर्व तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। 20 जून को भव्य सुंदरकांड पाठए 21 जून को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होमात्मक लघु रुद्र अनुष्ठान तथा 22 जून को भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि समारोह में राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी, लोकसभा अध्यक्ष के विशेष कार्याधिकारी राजीव दत्ता, शैलेश शर्मा, अशोक लाहोटी सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। 22 जून को सुबह 8 बजे से पंजीयन एवं स्वागत कार्यक्रम होगा, जबकि 11.40 बजे से 12.40 बजे तक वैदिक विधि-विधान से भूमि पूजन एवं शिलान्यास संपन्न कराया जाएगा। भूमि पूजन के बाद अतिथियों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। साथ ही भवन निर्माण में सहयोग देने वाले प्रमुख भामाशाहों एवं दानदाताओं का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक प्रसादी का आयोजन रखा गया है। समाज पदाधिकारियों ने कहा कि यह भवन केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि समाज की एकता, संगठन शक्ति और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक होगा। इसके निर्माण से देशभर के समाजजनों को सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध होगा। पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय संरक्षक लक्ष्मीनारायण पंड्या, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष विनोद पंड्या, राष्ट्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रमुख दीपक त्रिवेदी, शैलेश जोशी, नवीन त्रिवेदी, महेश जोशी, पुनीत शर्मा, नितेश पुरोहित, गोमतीशंकर पंड्याए राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रविंद्र उपाध्याय सहित समाज के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अस्पतालों से वर्षों से गायब 10 डॉक्टरों पर गिरी गाज, बर्खास्तगी की तैयारी

## रिकॉर्ड में तैनात, अस्पतालों से वर्षों से गायब, स्वास्थ्य विभाग की जांच में खुलासा, नोटिस के बाद भी नहीं लौटे ड्यूटी पर

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी के बीच स्वास्थ्य विभाग की जांच में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। उदयपुर जिले में 10 ऐसे चिकित्सक चिन्हित किए गए हैं, जो वर्षों से बिना अनुमति ड्यूटी से अनुपस्थित हैं। विभाग ने इन मामलों को गंभीर मानते हुए संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई तेज कर दी है और अब सेवा समाप्ति की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है।




### डेढ़ माह पहले शुरू हुई थी जांच

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने करीब डेढ़ माह पूर्व लंबे समय से अनुपस्थित चिकित्सकों की सूची तैयार कर संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी थी।

इसके बाद संबंधित डॉक्टरों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अधिकांश मामलों में न तो संतोषजनक जवाब प्राप्त हुआ और न ही चिकित्सक सेवा में लौटे। इसके चलते अब नियमानुसार बर्खास्तगी सहित अन्य कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### रिकॉर्ड में पद भरे, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं

जांच के दौरान सामने आया कि कई अस्पतालों में चिकित्सकों के पद रिकॉर्ड में भरे हुए दर्शाए गए, लेकिन संबंधित डॉक्टर वर्षों से कार्यस्थल पर नहीं पहुंचे। पन्नाधाय राजकीय महिला चिकित्सालय में पदस्थ एक शिशु रोग विशेषज्ञ वर्ष 2004 से अनुपस्थित बताए गए हैं। वहीं महाराणा भूपाल चिकित्सालय में तैनात दो चिकित्सक वर्ष 2012 और 2013 से ड्यूटी पर नहीं लौटे। इसके अलावा खेरवाड़ा, बेकरिया, बावलवाड़ा तथा अन्य ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थानों में भी लंबे समय से अनुपस्थित चिकित्सकों के मामले सामने आए हैं।

### मरीजों को उठानी पड़ी परेशानी

स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि चिकित्सकों की अनुपलब्धता का सीधा असर आम मरीजों पर पड़ा है। कई अस्पतालों में विशेषज्ञ सेवाएं प्रभावित हुई और मरीजों को उपचार के लिए अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका प्रभाव अधिक देखने को मिला, जहां पहले से ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी बनी हुई है।

### पीजी करने के बाद भी नहीं दी सेवा

सूची में शामिल कुछ चिकित्सकों ने सरकारी सेवा के दौरान सेवारत कोटे से पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई भी की थी। सरकार की ओर से उच्च शिक्षा के लिए अवसर और सुविधाएं मिलने के बावजूद उन्होंने निर्धारित अवधि तक सेवा नहीं दी और लंबे समय से अनुपस्थित रहे। विभाग अब ऐसे चिकित्सकों से नियमानुसार बॉन्ड राशि की वसूली की तैयारी भी कर रहा है।

### नियमानुसार होगी कार्रवाई

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक आदित्य ने बताया कि लंबे समय से अनुपस्थित चिकित्सकों के मामलों को गंभीरता से लिया गया है। निदेशालय के निर्देशानुसार सभी प्रकरणों की समीक्षा की जा रही है। जिन चिकित्सकों ने नोटिस के बावजूद संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया है, उनके खिलाफ सेवा समाप्ति सहित आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई के प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं।

# सटीक निदान और वैट्स तकनीक से पीएमसीएच ने संवारा राष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी का भविष्य

## बालक की छाती पर बड़ा चीरा लगाए बिना सफल सर्जरी, अब फिर लौटेगा खेल मैदान में

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के चिकित्सकों ने सटीक निदान और अत्याधुनिक यूनिपोर्टल वीडियो-असिस्टेड थोराकोस्कोपिक सर्जरी तकनीक के माध्यम से 12 वर्षीय राष्ट्रीय स्तर के जूडो खिलाड़ी की जान बचाकर उसके खेल भविष्य को नई उम्मीद दी है। बांसवाड़ा निवासी यह बालक पिछले डेढ़ वर्ष से फेफड़ों की गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। विभिन्न अस्पतालों में उसे कभी टीबी, कभी निमोनिया तो कभी फंगल संक्रमण समझकर उपचार दिया गया, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हो रहा था। परिजन जब बच्चे को पीएमसीएच लेकर पहुंचे तो पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. अतुल लुहाड़िया ने विस्तृत जांच कराई। जांच में सामने आया कि बच्चे के फेफड़े में पल्मोनरी हाइडेटिड सिस्ट विकसित हो चुकी थी।



चूंकि मरीज राष्ट्रीय स्तर का जूडो खिलाड़ी है, इसलिए चिकित्सकों के सामने उसके खेल जीवन को सुरक्षित रखते हुए उपचार करना सबसे बड़ी चुनौती थी। सीवीटीएस सर्जन डॉ. अनुज मेहता ने आधुनिक तकनीक के जरिए मात्र 4 सेंटीमीटर का छोटा चीरा लगाकर सिस्ट को सफलतापूर्वक बाहर निकाला। इस प्रक्रिया में छाती की मांसपेशियों को नुकसान नहीं पहुंचा और मरीज को कम दर्द तथा तेजी से रिकवरी का लाभ मिला। सर्जरी के दौरान कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. समीर गोयल ने जटिल वन-लंग वेंटिलेशन तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग किया। इस उपचार में डॉ. तिथि, डॉ. निश्चय, डॉ.आमिर, डॉ. रितेश, डॉ. सुप्रिया, डॉ. अभय, डॉ. पुनीत जैन तथा ओटी स्टाफ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य मरीजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। वर्तमान में बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है और उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। जल्द ही वह अपने खेल करियर में वापसी कर सकेगा।

# राष्ट्रधर्म और स्वाभिमान के प्रतीक वीर झाला मान सिंह को श्रद्धांजलि

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** हल्दीघाटी के अमर योद्धा एवं मेवाड़ के स्वाभिमान के प्रतीक वीर झाला मान सिंह के 450वें बलिदान दिवस पर बड़ीसादड़ी जैन मित्र मंडल, उदयपुर के तत्वावधान में मोती मगरी स्थित स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा, पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों, इतिहास प्रेमियों और समाजजनों ने वीर योद्धा के अद्वितीय बलिदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम संयोजक प्रसन्नचंद लसोड़ एवं उम्मेद सिंह कंठालिया ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता मोती मगरी स्मारक समिति के सचिव एस.के. शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जैन मित्र मंडल के निदेशक प्रकाश मेहता, मोहन सिंह मेहता एवं जीवन दक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह के स्वागत से हुई। जैन मित्र मंडल के सचिव कमलेश सामोता ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि वीर झाला मान सिंह का जीवन साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी को ऐसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है तथा उनके बलिदान की गाथाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना समय की मांग है।

## हर्षपति सिंघानिया बने आईसीसी पेरिस के चेयर

**मेवाड़ जगत**



**उदयपुर।** जेके पेपर लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक तथा जेके ऑर्गनाइजेशन के निदेशक हर्षपति सिंघानिया को इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स, पेरिस का नया चेयर चुना गया है। पेरिस में आयोजित आईसीसी वर्ल्ड काउंसिल की बैठक में उनके नाम पर मुहर लगाई गई। इस नियुक्ति के साथ ही हर्षपति सिंघानिया आईसीसी के लगभग 100 वर्ष पुराने इतिहास में इस प्रतिष्ठित वैश्विक पद तक पहुंचने वाले चौथे भारतीय उद्योगपति बन गए हैं। इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार जगत के सबसे प्रतिष्ठित पदों में से एक माना जाता है। आईसीसी दुनिया का सबसे बड़ा व्यापारिक संगठन है, जो 170 से अधिक देशों की 4.5 करोड़ से ज्यादा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। संयुक्त राष्ट्र, विश्व व्यापार संगठन, जी.20., जी.7 और ब्रिक्स जैसे प्रमुख वैश्विक मंचों पर व्यापार एवं आर्थिक नीतियों को आकार देने में आईसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। सिंघानिया की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और ग्लोबल साउथ की प्रभावशाली आवाज के रूप में उभर रहा है। माना जा रहा है कि उनकी अगुवाई से वैश्विक आर्थिक शासन व्यवस्था में भारत का प्रतिनिधित्व और अधिक मजबूत होगा। अपने विजन में हर्षपति सिंघानिया ने वैश्विक व्यापार में विश्वास बहाली, डिजिटल ट्रेड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सस्टेनेबिलिटी जैसे उभरते क्षेत्रों के लिए नए नियमों के विकास तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर व्यापार जगत की आवाज को और मजबूत बनाने पर जोर दिया है। उद्योग जगत ने उनकी इस नियुक्ति को भारत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए वैश्विक व्यापारिक नेतृत्व में देश की बढ़ती भूमिका का प्रतीक माना है।

## फिजिकल एआई के युग के लिए अपने रोबोटिक्स विजन पर प्रकाश डाला

उदयपुर। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स फि जिकल एआई के नए युग को गति दे रहा है। कंपनी अपने एलजी क्लोइड रोबोट, जिसे पहली बार सीईएस 2026 में पेश किया गया था, के माध्यम से इस तकनीक को फैक्ट्रियों से निकालकर घरों, मोबिलिटी समाधानों, कमर्शियल स्पेस और औद्योगिक वातावरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में विस्तारित कर रही है। विविध परिवेशों की गहन समझए अत्याधुनिक रोबोटिक्स तकनीकों और एक मजबूत फि जिकल एआई इकोसिस्टम के बल पर एलजी वैश्विक रोबोटिक्स बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहा है। इसे चार आपस में जुड़े हुए प्रमुख आधार संभव बना रहे हैं, जो एलजी को फिजिकल एआई को कारखानों और कमर्शियल स्थानों से घरों तक लाने में सक्षम बनाते हैं - जैसे-जैसे फिजिकल एआई विकसित हो रहा है, आपस में जुड़े चारों पहलू एक ऐसी तकनीकी रीढ़ और मूलभूत आधार बनाते हैं जो एआई इंटेलिजेंस को वास्तविक दुनिया के भौतिक कार्यों से जोड़ते हैं। रोबोटिक्स में अपने दशकों के अनुभव और फि जिकल एआई इकोसिस्टम का लाभ उठाते हुए, एलजी जीरो लेबर होम नामक एक विजन पर काम कर रहा है।

## पट्टों की आस में यूडीए पहुंचे ग्रामीण, वर्षों से लंबित मांग पर जताई नाराजगी

### आवेदन और ज्ञापन दिए, फिर भी नहीं मिला मालिकाना हक



**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** आवासीय पट्टों की मांग को लेकर गिर्वा पंचायत समिति की मटून ग्राम पंचायत के ग्रामीण गुरुवार को उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने वर्षों से लंबित पड़े पट्टों के प्रकरणों पर नाराजगी जताते हुए जल्द समाधान की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत क्षेत्र को यूडीए के दायरे में शामिल किए जाने के बाद से आवासीय पट्टों की प्रक्रिया ठप पड़ गई है। पूर्व में कई बार आवेदन और ज्ञापन देने के बावजूद आज तक उन्हें मालिकाना हक नहीं मिल पाया है। इससे क्षेत्र के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**पट्टों के अभाव में योजनाओं का नहीं मिल रहा पूरा लाभ**

ग्रामीणों ने बताया कि वे वर्षों से अपने मकानों में निवास कर रहे हैं, लेकिन वैध आवासीय पट्टे नहीं होने के कारण बैंक ऋण, निर्माण स्वीकृति और अन्य सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। पहले पंचायत स्तर पर पट्टों की प्रक्रिया संचालित होती थी, लेकिन यूडीए क्षेत्र में शामिल होने के बाद मामला लंबित हो गया। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर दौरे के दौरान अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बावजूद पट्टों का मामला अब तक नहीं सुलझ पाया है।

यूडीए कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने अधिकारियों से शीघ्र कार्रवाई कर पात्र लोगों को आवासीय पट्टे जारी करने की मांग की। इस पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्रकरणों की प्राथमिकता से जांच कर नियमानुसार जल्द समाधान का प्रयास किया जाएगा।

### सांसद डॉ.मन्नालाल रावत की पहल रंग लाई

## जलग्रहण विभाग के संविदा कर्मियों का कार्यकाल बढ़ा

**1मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत जलग्रहण विभाग में कार्यरत संविदाकर्मियों को बड़ी राहत मिली है। उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत की पहल पर राज्य सरकार ने संविदा कार्मिकों का कार्यकाल बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए हैं। इस निर्णय से लंबे समय से अपने भविष्य को लेकर चिंतित संविदाकर्मियों में खुशी का माहौल है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के अंतर्गत निदेशालय जलग्रहण विकास एवं भू.संरक्षण, राजस्थान के अतिरिक्त निदेशक ओमप्रकाश मीणा द्वारा जारी आदेश के अनुसार वर्तमान में कार्यरत 129 जलग्रहण विकास दल सदस्यों की सेवाएं संविदा आधार पर 31 मार्च 2027 अथवा 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले होए बढ़ा दी गई हैं।



उल्लेखनीय है कि जलग्रहण विभाग में कार्यरत संविदाकर्मियों ने अपने कार्यकाल विस्तार की मांग सांसद डॉ. मन्नालाल रावत के समक्ष रखी थी। इस पर सांसद रावत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री एवं विभागीय उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर संविदा कार्मिकों के हित में कार्यकाल बढ़ाने का आग्रह किया था। सांसद ने अपने पत्र में उल्लेख किया था कि पंचायती राज विभाग में संविदा सेवा नियम-2022 के अंतर्गत कार्यरत इन कार्मिकों के नियमितीकरण की प्रक्रिया विचाराधीन है। ऐसे में कार्यकाल समाप्त होने की स्थिति में उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए नियमितीकरण प्रक्रिया पूरी होने तक सेवाएं जारी रखना आवश्यक है। सांसद डॉ. रावत ने कहा था कि कार्यकाल बढ़ाए जाने से संविदा कार्मिकों को भविष्य में नियमित एवं स्थायी होने का लाभ मिल सकेगा। उनकी मांग पर सकारात्मक कार्रवाई करते हुए राज्य सरकार ने कार्यकाल विस्तार का निर्णय लिया है। सरकार के आदेश जारी होने के बाद जलग्रहण विभाग में कार्यरत संविदाकर्मियों ने खुशी व्यक्त करते हुए सांसद डॉ. मन्नालाल रावत का आभार जताया। कार्मिकों का कहना है कि सांसद की पहल से उन्हें रोजगार सुरक्षा मिली है और अब वे अधिक उत्साह के साथ विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में योगदान दे सकेंगे।

# 100 साल पुराने विद्यालय का भवन टूटा, नया कब बनेगा

## एक सदी पुरानी शैक्षणिक विरासत का हुआ अंत, लेकिन नए भवन निर्माण की शुरुआत का इंतजार

मेवाड़ जगत

**वल्लभनगर।** जिसने एक सदी तक हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा देकर उनका भविष्य संवारा, आज उसका भवन मलबे में तब्दील हो चुका है। वल्लभनगर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का करीब 100 वर्ष पुराना जर्जर भवन सुरक्षा कारणों से ध्वस्त कर दिया गया, लेकिन इसके बाद सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि आखिर नए विद्यालय भवन का निर्माण कब शुरू होगा? क्षेत्र के विद्यार्थी, अभिभावक और ग्रामीण अब इसी प्रश्न का उत्तर तलाश रहे हैं।






विद्यालय भवन के ध्वस्त होने के साथ ही एक ऐतिहासिक अध्याय का अंत हो गया। यह वही विद्यालय है, जहां मेनार, रूण्डेड़ा, खरसान, भटेवर, नवानिया, मोरझाई, तारावट, किकावास, करणपुर और गोटीपा सहित आसपास के अनेक गांवों की पीढ़ियों ने शिक्षा प्राप्त की। आज वही विद्यालय अपने नए स्वरूप की प्रतीक्षा कर रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर भवन को गिराना आवश्यक था, लेकिन उससे पहले नए भवन निर्माण की ठोस योजना और समयसीमा तय होनी चाहिए थी। वर्तमान में भवन ध्वस्त हो चुका है, लेकिन नए निर्माण कार्य को लेकर अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि विद्यालय का विशाल परिसर और खेल मैदान आधुनिक शिक्षण संस्थान के निर्माण के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। इसके बावजूद निर्माण कार्य कब शुरू होगा, इसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

पुराने भवन के ध्वस्त होने के बाद विद्यालय की कक्षाएं फिलहाल महात्मा गांधी विद्यालय परिसर के समीप स्थित छात्रावास भवन की ऊपरी मंजिल में संचालित की जा रही हैं। हालांकि पढ़ाई जारी है, लेकिन विद्यार्थी अपने पुराने विद्यालय परिसर में आधुनिक भवन बनने का इंतजार कर रहे हैं।

कई विद्यार्थियों का कहना है कि वे जानना चाहते हैं कि आखिर उनका नया विद्यालय कब बनेगा और कब उन्हें बेहतर सुविधाओं वाले भवन में पढ़ने का अवसर मिलेगा।

क्षेत्र में चर्चा का विषय अब सिर्फ एक ही हैकृष्भवन तो तोड़ दियाए लेकिन नया विद्यालय कब बनेगा? ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहचान रखने वाले इस विद्यालय को जल्द से जल्द नया स्वरूप मिलना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके।

विद्यालय की प्रधानाचार्य सरिता जैन ने बताया कि नए भवन निर्माण के लिए संबंधित विभाग को प्रस्ताव और आवश्यक पत्र भेजे जा चुके हैं। क्षेत्रीय विधायक को भी इस संबंध में अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि विभागीय स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

लेकिन जब तक स्वीकृति और निर्माण कार्य शुरू नहीं होता, तब तक विद्यार्थियों, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों के मन में यही सवाल बना रहेगा कि आखिर वल्लभनगर के इस ऐतिहासिक विद्यालय को उसका नया घर कब मिलेगा?

# उदयपुर में पहली बार रिमोट कंट्रोल लाइफ बॉय का प्रदर्शन

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** मानसून के दौरान संभावित जल दुर्घटनाओं से निपटने की तैयारियों के तहत जिला प्रशासन एवं एसडीआरएफ के सहयोग से बालाजी तरणताल में आयोजित 10 दिवसीय निःशुल्क तैराकी एवं जल बचाव प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। समापन समारोह में एसडीआरएफके 60 जवानों ने आधुनिक रेस्क्यू तकनीकों, सीपीआर और आपदा प्रबंधन कौशल का लाइव प्रदर्शन किया। रिमोट कंट्रोल लाइफ बॉय बना आकर्षण का केंद्र कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण उदयपुर में पहली बार आधुनिक रिमोट कंट्रोल लाइफ बॉय का सार्वजनिक प्रदर्शन रहा। यह अत्याधुनिक उपकरण पानी में फंसे व्यक्ति तक तेजी से पहुंचकर उसे सुरक्षित स्थान तक लाने में मदद करता है। इसके प्रदर्शन को उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने खूब सराहा। बालाजी तरणताल की डायरेक्टर डॉ. ऋषिका सुखवाल ने बताया कि झीलों की नगरी उदयपुर में मानसून के दौरान जल दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जवानों को तैराकी, स्कूबा डाइविंग, जल सुरक्षा और आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।



झ समापन अवसर पर जवानों ने स्कूबा एवं डीप डाइविंग, चिन टो रेस्क्यू, हेड टो रेस्क्यू, आर्म टो रेस्क्यू तथा विभिन्न ड्राई रेस्क्यू तकनीकों का प्रदर्शन किया। साथ ही सीपीआर और प्राथमिक उपचार की विधियों की जानकारी भी दी। एसडीआरएफ के कंपनी कमांडर महेंद्र सिंह चूंडावत ने कहा कि प्रशिक्षण से जवानों की आपदा प्रबंधन क्षमता और कार्यकुशलता में वृद्धि हुई है। प्रशिक्षित जवान मानसून के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से अंजाम दे सकेंगे। समारोह में डॉ. लतिका पालीवाल, प्रो. उमाशंकर नागदा, डॉ. नीलम भंडारी, दुर्गेश शर्मा, अरविंद सिंह राव, सुंदरलाल जैन, पवन कुमार सुखवाल सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले जवानों का सम्मान किया गया।



# अधेड़ ने साथियों के साथ पत्नी, बेटे और बहू से की मारपीट

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** एक अधेड़ ने अपने ही घर में अपने साथियों के साथ मिलकर अपनी पत्नी, बेटे और बहू से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार आशीष पुत्र बाबूलाल मीणा निवासी जाबला फलां नीचला टीडी ने रिपोर्ट दी कि 16 जून को 8 बजे मै और मेरी पत्नी कमला बच्चे हम सभी घर पर ही थे तभी मेरे पडोसी अंकल का लड़का दिनेश पुत्र मगनलाल, अनिता पत्नी दिनेश, निर्मल पुत्र मगनलाल, पायल पत्नी निर्मल, विकास पुत्र मगन, संजय पुत्र मगन, सुरमाल पुत्र भैरा, मगन पुत्र धन्ना, मेरे पिता बाबुलाल पुत्र कचरा और एक अन्य ने मेरे साथ एवं मेरी पत्नी कमला व मां मोतीबाई के साथ मारपीट की। उन लोगो ने लट्ठ से मारपीट की, जिससे मुझे चोटे आई। ये लोग हमेशा मेरे घर आते-जाते रहते है और लडाई-झगडा करते है। मेरे पिता भी इन लोगो के साथ मिलकर लडाई-झगडा करते है। रिपोर्ट पर टीड़ी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बदमाशों ने बस स्टैंड पर खड़ी कार में की तोड़फोड़, हंगामा करते हुए भागे

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** सेमारी कस्बे में गुरूवार को कुछ बदमाशों ने बस स्टैंड पर बदमाशों ने एक खड़ी कार का कांच तोड़ दिया। बदमाशों ने आगे के कांच पर भी बेल्ट से कई वार किए, लेकिन नहीं टूटा। बाद में हंगामा करते हुए और गाली-गलौच करते हुए बदमाश भाग गए।



जानकारी अनुसार गुरुवार सुबह तीन बाइक पर सवार 9 बदमाश कल्याणपुर की तरफ से सेमारी बस स्टैंड पहुंचे। वहां खड़ी एक कार पर उन्होंने बेल्ट से ताबड़तोड़ वार किए। जिससे गाड़ी का पिछला कांच टूट गया। बदमाश चिल्लाते हुए गाली-गलौज कर रहे थे। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए। घटना के समय गाड़ी का ड्राइवर धनकावाड़ा निवासी देवीलाल मीणा पास के एक होटल में चाय पीने गया था। गाड़ी में घटना के समय कोई नहीं था। कुछ देर बाद जब देवीलाल कार के पास पहुंचा तो कांच टूटा देख हैरान रह गया। घटना के बाद कार ड्राइवर देवीलाल ने सेमारी थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कार में तोड़फोड़ का कारण फिलहाल पता नहीं लगा है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पोस्टर विमोचन



**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष योग सत्र के पोस्टर का विमोचन उदयपुर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन एवं डॉ. गुनीत मोंगा भार्गव द्वारा किया गया। यह विशेष योग सत्र 20 जून को प्रातः 6.30 बजे से 7.30 बजे तक विंध्यम गार्डन भुवाणा में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वास्थ्य, सकारात्मक ऊर्जा एवं जीवन में संतुलन का संदेश जन.जन तक पहुंचाना है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है और योग के स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से योग सत्र में भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया है।

# गैट का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात चोरी

**मेवाड़जगत**

**उदयपुर।** चोरों ने एक गैट का ताला तोड़कर लाखों रूपए मूल्य के सोने के जेवरात चोरी कर ले गए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रजिया पत्नी अब्दुल हसन मावली वाला निवासी मार्शव कॉ पलेक्स परशुराम कॉलोनी नीमच खेडा ने रिपोर्ट दी कि 16 जून सुबह 9.30 मै व मेरा बेटा बुरहानुदीन दोनों मोहर्रम के महिने में मस्जिद में ईबादत के लिए गए हुए थे। वहॉं से वापस 2.30 बजे घर पर पहुंचे और आकर देखा तो मेरे घर का दरवाजा खुला हुआ था और ताला टूटा हुआ था। मैने घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे की अलमारी भी खुली हुई थी और अलमारी के ड्रोअर के ताले टूटे हुए थे, जिसमे से सोने के 3 कडे, 2 चूडियां, 3 ब्रेसलेट, 5 अंगूठियां, 1 चेन, लोकेट गायब थे। अज्ञात चोरों ने उसके गेट का दरवाजा का लॉक तोडकर कमरे की अलमारी से सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर अंबामाता थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवक को फोन कर बुलाकर चार युवकों ने की मारपीट

**उदयपुर।** एक युवक को फोन कर अर्जेंट बात करने के बहाने एक ढाबे पर बुलाकर उसके साथ चार युवकों ने गंभीर रूप से मारपीट कर घायल कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विजय डांगी पुत्र प्रकाश लाल डांगी निवासी बिछडी प्रतापनगर ने रिपोर्ट दी कि 16 जून को शाम 6 बजे मैं मेरे गाव बिछडी में था। अजय पुत्र कन्हैयालाल डांगी निवासी सापेटिया ने मुझे व्हाट्स एप्प कॉल कर फौजी ढाबे पर बुलाया और कहा कि जरूरी बात करनी है। इस पर मै और मेरे साथी मनीष डांगी हम दोनो कार में बैठ कर उनके कहे अनुसार फौजी ढाबे के पास पहुंचे, जहां पर अजय के साथ जयप्रकाश पुत्र हीरालाल डांगी व उनके साथ अन्य लडके थे। थे। वहां पर पहुंचते ही इन लोगो ने मेरे साथ फेंट, लाठी से मारपीट करने लगे। मेरे दोस्त मनीष डांगी ने मेरा बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उसे धमकाया और बीच-बचाव करने पर मारने की धमकी दी। इस पर मेरा दोस्त डर के मारे अलग हो गया। इन लोगो ने मुझे नीचे गिराकर मारपीट की। मेरे मुहं पर घोंसे मारे, जिससे मेरे दोनो आंखो पर व नाक पर तथा हाथ पर चोटे आई है।

# छाया कर रहे युवक से कुल्हाड़ी से मारपीट

**मेवाड़जगत**

उदयपुर। गाड़ी खड़ी करने के लिए छाया कर रहे एक युवक और उसकी बहन के साथ दो युवकों ने कुल्हाड़ी से हमला कर मारपीट कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मन्नालाल पुत्र बाबूलाल खराडी निवासी डोलरिया पानरवा ने रिपोर्ट दी कि 17 जून को दिन में 9130 बजे मैं मेरे घर के पास गाडी खडी करने के लिये छाया के लिये ख बा गाड रहा था कि धर्मीलाल पुत्र पूना आया और मुझे कहा कि यह क्या कर रहा है तो मैने बताया कि छाया कर रहा हूँ। इस पर धर्मीलाल के भाई जोरीलाल ने पीछे से आकर मेरे माथे मे कुल्हाडी मार दी। मैने शोर मचाया तो पास खडी मेरी बहिन लीला कुमारी आई, जिसने बीच बचाव का प्रयास किया तो धर्मलाल ने लीला के साथ लट्ठ से मारपीट की। शोर होने प भाई हिरालाल व मेरी मां ने आकर बीच बचाव किया। दोनो व्यक्ति मारपीट कर मौके से भाग गए। रिपोर्ट पर पानरवा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बादलों की छांव, झील की ठंडक और उड़ते कबूतर...



**सुहाना मौसम, झील की ठंडी हवाएं और कबूतरों की चहल-पहल...दूधतलाई पर प्रकृति ने मानो अपनी खूबसूरती का हर रंग बिखेर दिया हो। एक ही फ्रेम में कैद हुई उदयपुर की खूबसूरती, सुकून और प्राकृतिक आकर्षण की अनमोल तस्वीर।**

# सांसद मेवाड़ ने कंप्यूटर कक्ष एवं पुस्तकालय का किया लोकार्पण

**मेवाड़ जगत**

**ब्यावर।** राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने अपने संसदीय क्षेत्र के ब्यावर विधानसभा अंतर्गत ग्राम रामपुरा दुदा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत तथा विधायक शंकर सिंह रावत के साथ विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर कक्ष एवं पुस्तकालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा किसी भी राष्ट्र के उज्वल भविष्य की आधारशिला है। बदलते समय के साथ शिक्षा व्यवस्था को भी आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप उन्नत करना आवश्यक है। विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं बल्कि प्रयोगात्मक एवं तकनीकी शिक्षा भी उपलब्ध होनी चाहिए।